शिक्षक दिवस

हिंदू कन्या महाविद्यालय में शिक्षक दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या के द्वारा दीप - प्रज्वलन कर के किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन श्रीमती नीलम तथा श्रीमती सुनीता के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने कविता, गीत व नृत्य के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति अपने सम्मान को व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या ने कहा कि एक शिक्षक का विद्यार्थी जीवन में विशेष स्थान होता है, जो ज्ञान, जिज्ञासा, नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन के महत्व से हमारा परिचय कराने वाला तथा हमारा सतत मार्गदर्शन करने वाला होता है। इसलिए शास्त्रों में भी कहा गया है - गुरुब्रह्मा गुरुविष्णुः गुरुदेवों महेश्वरः। गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है। हिंदू धर्म में शिक्षक का स्थान भगवान से भी ऊपर माना जाता है। देश के प्रथम उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएं उपस्थित रही। अंत में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

शिक्षक का विद्यार्थी के जीवन में विशेष स्थान : डॉ. पूनम मोर

जींद। हिंदू कन्या कॉलेज में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूनम मोर ने किया। जबकि मंच संचालन नीलम तथा सुनीता ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने कविता, गीत व नृत्य के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति अपने सम्मान को व्यक्त किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूनम मोर ने कहा कि एक शिक्षक का विद्यार्थी के जीवन में विशेष स्थान होता है। संवाद